# न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, सिरोही (राज.)

बईजलास डॉ. भँवर लाल, आई.ए.एस.

**प्रार्थना–पत्र संख्या 57 / 2022**

| प्रार्थी | बनाम | अप्रार्थीगण |
|---|---|---|
| प्राधिकृत अधिकारी आवास फाईनेन्सियर्स लिमिटेड जयपुर। | | 1. श्री सवाईसिंह पुत्र श्री भैरूसिंह निवासी 86, स्कूल के पीछे, कुम्हार वास, मामावली जिला सिरोही।<br>2. श्रीमती विमल कुंवर पत्नि श्री भैरूसिंह निवासी 86, स्कूल के पीछे, कुम्हारवास, मामावली जिला सिरोही।<br>3. श्री भैरूसिंह पुत्र श्री प्रेमसिंह निवासी 86, स्कूल के पीछे, कुम्हारवास, मामावली जिला सिरोही।<br>4. श्री बंशीलाल पुत्र श्री चुन्नीलाल निवासी 105, कुम्हार वास, वार्ड नम्बर 17, जिला सिरोही। |

**प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 14 दी सिक्यूराइटेशन एण्ड रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एस्सेट्स एण्ड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इन्ट्रेस्ट एक्ट 2002**

उपस्थिति :–

1. अधिवक्ता श्री चन्द्रसिंह राठौड, प्रार्थी बैंक ।

## निर्णय

दिनांक : 26.05.2022

प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 14 दी सिक्यूराइटेशन एण्ड रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एस्सेट्स एण्ड एन्फोर्समेन्ट आफ सिक्युरिटी इन्ट्रेस्ट एक्ट 2002 के तहत अप्रार्थीगण के विरूद्व प्रस्तुत किया । प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया ।

प्रार्थना पत्र के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी पक्ष के द्वारा अप्रार्थी

1. श्री सवाईसिंह पुत्र श्री भैरूसिंह निवासी 86, स्कूल के पीछे, कुम्हार वास, मामावली जिला सिरोही।
2. श्रीमती विमल कुंवर पत्नि श्री भैरूसिंह निवासी 86, स्कूल के पीछे, कुम्हारवास, मामावली जिला सिरोही।
3. श्री भैरूसिंह पुत्र श्री प्रेमसिंह निवासी 86, स्कूल के पीछे, कुम्हारवास, मामावली जिला सिरोही।
4. श्री बंशीलाल पुत्र श्री चुन्नीलाल निवासी 105, कुम्हार वास, वार्ड नम्बर 17, जिला सिरोही।

Signature Not Verified
Digitally signed by Bhanwar Lal
Date: 2023.03.01 13:15:19 IST
Reason: SelfAttested

को राशि रूपये 04,00,000 [illegible] सुविधा उपलब्ध कराई तथा पुनर्भुगतान हेतु अप्रार्थी ने अपनी जायदाद बैंक के पास बतौर अमानत [illegible] रखी थी । अप्रार्थी श्री सवाईसिंह ने अपनी जायदाद आवासीय सम्पत्ति पट्[illegible] 99 गांव मामावली जिला सिरोही में स्थित है, जिसकी कुल माप 2700 वर्गफीट है, को बैंक/कम्पनी के पक्ष मे रहन कर दिया।

जिला मजिस्ट्रेट, सिरोही

Scanned with CamScanner

अप्रार्थी द्वारा नियमित रूप से प्रार्थी के बैंक/कम्पनी को ऋण का भुगतान करने मे असफल रहने पर प्रार्थी द्वारा ऋण राशि मय ब्याज के अदा करने हेतु उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत अप्रार्थी के नाम रजिस्टर्ड नोटिस दिनांक 28.12.2021 को जारी किये गये। जो पंजीकृत डाक के माध्यम से तामिल करवाये गये उसके पश्चात भी अप्रार्थी द्वारा ऋण राशि मय ब्याज भुगतान नही करने पर प्रार्थी बैंक ने अप्रार्थीयो के द्वारा बतौर जमानत रहन रखी गई सम्पति इत्यादि का कब्जा प्रार्थी बैंक/कम्पनी को संभलाने हेतु यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया ।

प्रार्थी के लायक अधिकारी/अधिवक्ता की बहस सुनी । विद्वान अधिवक्ता ने प्रार्थना पत्र मे वर्णित बिन्दुओ की पुष्टि करते हुए कहा कि प्रार्थी बैंक/कम्पनी एक नियमित निकाय है जो अपनी शाखाओं के माध्यम से ऋण देने का व्यवसाय करती है उसकी शाखाओं मे से एक जयपुर मे भी स्थित व कार्यरत है। प्रार्थी बैंक/संस्था द्वारा अप्रार्थीगण को रूपये 04,00,000/- लाख ऋण स्वीकृत किया था । जिसकी एवज में अपनी जायदाद बैंक/कम्पनी के पक्ष में बन्धक रखी गई थी जिसका वर्णन प्रार्थना पत्र मे किया गया है । बहस मे कहा कि अप्रार्थी द्वारा प्रार्थी पक्ष को नियमित रूप से ऋण राशि व ब्याज राशि का भुगतान नही करने के कारण एक्ट की धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस जारी किये गये किन्तु अप्रार्थी द्वारा देय ऋण राशि का भुगतान नही किया गया । भुगतान नही करने के फलस्वरूप अप्रार्थी स्वयं जिम्मेदार है । अतः अप्रार्थीगण द्वारा बतौर जमानत प्रार्थी बैंक/कम्पनी के पक्ष मे रहन रखी गई उक्त जायदाद इत्यादि का कब्जा प्रार्थी बैंक/कम्पनी को दिलाया जावे ।

प्रार्थी पक्ष की बहस सुनी । अप्रार्थी द्वारा राशि रूपये 04,00,000/- लाख का ऋण लिया था । ऋण राशि के बदले में अप्रार्थी द्वारा अपनी जायदाद को बैंक/कम्पनी के पक्ष मे उक्त जायदाद रहन रखी है । प्रार्थी द्वारा नियमानुसार धारा 13(2) के अधीन अप्रार्थी को रजिस्टर्ड नोटिस भी दिनांक 28.12.2021 को जारी किये है जिनकी प्राप्ति के पश्चात् भी अप्रार्थी द्वारा देय राशि का भुगतान नही किया है ।

Signature Not Verified
Digitally signed by Bhanwar Lal
Date: 2023.03.01 13:15:19 IST
Reason: SelfAttested

**दी सिक्यूराइटेशन एण्ड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्सियल एसेट्स एण्ड एन्फोर्समेन्ट आफ सिक्युरिटी इन्ट्रेस्ट एक्ट 2002 की धारा 14 निम्न प्रकार है :-**

14 . Chief Metropolitan Magistrate or District Magistrate to assist secured creditor in taking possession of secured asset – (1) Where the possession of any secured assets is required to be taken by the secured creditor or if any of the secured assets is required to be sold are transferred by the secured creditor under the provisions of this Act, the

जिला मजिस्ट्रेट, सिरोही

Scanned with CamScanner

secured creditor may, for the purpose of taking possession or control of any such secured asset, request, in writing the Chief Metropolitan Magistrate or the District Magistrate within whose jurisdiction any such secured asset or other document, relating thereto may be situated or found to take possession thereof and the

Chief Metropolitan Magistrate or as the case may be, the District Magistrate shall, on such request being made to him –

(a) take possession of such asset and documents relating thereto and

(b) forward such assets and documents to the secured creditor

(2) For the purpose of securing compliance with the provisions of sub-section (1) , the Chief Metropolitan Magistrate or the District Magistrate may be take or cause to be taken such steps and use, or cause to be used, such force, as may, in his opinion, be necessary.

परिणामस्वरूप तथ्यों के संदर्भ मे प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 14 दी सिक्यूराइटेशन एण्ड रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एस्सेट्स एण्ड एन्फोर्समेन्ट आफ सिक्युरिटी इन्ट्रेस्ट एक्ट 2002 मे प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर अप्रार्थी श्री सवाईसिंह ने अपनी जायदाद आवासीय सम्पत्ति पट्टा नम्बर 99 गांव मामावली जिला सिरोही में स्थित है, जिसकी कुल माप 2700 वर्गफीट है। जिसका अडौस–पडौस निम्न प्रकार है–

उत्तर– स्वयं की पडत भूमि एवं रोड

दक्षिण– दरवाजा एवं रोड

पूर्व– गली एवं जमरा सरगरा का मकान।

पश्चिम– स्वयं की पडत भूमि एवं रोड

उपरोक्त जायदाद पर किसी न्यायालय का स्थगन आदेश नहीं होने की स्थिति में उक्त जायदाद का कब्जा अप्रार्थी से प्राप्त कर जरिये संबंधित पुलिस थाना से प्रार्थी बैंक/कम्पनी को संभलाये जाने का आदेश दिया जाता है। यदि उक्त सम्पति किसी भी तरीके से बंद पायी जाती है तो ताला तोडकर उक्त सम्पति पर प्रार्थी बैंक अपना कब्जा स्थापित करें । आदेश की प्रति वास्ते पालनार्थ पुलिस अधीक्षक सिरोही, संबंधित थानाधिकारी पुलिस थाना एवं प्रार्थी बैंक/कम्पनी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जावे ।

Signature Not Verified
Digitally signed by Bhanwar Lal
Date: 2023.03.01 13:15:19 IST
Reason: SelfAttested

आदेश आज दिनांक 26.05.2022 को सर इजलास सुनाया गया ।

(डॉ. भँवर लाल)
जिला मजिस्ट्रेट, सिरोही

Scanned with CamScanner